कमल संदेश

04 मई 2020 (सायं 5 बजे)

दैनिक बुलेटिन

www.kamalsandesh.org

प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना योद्धाओं के सम्मान के लिए सशस्त्र बलों को नमन किया

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मेगा अभ्यास का अभिनन्दन किया, जिसमें देश के कई शहरों और कस्बों में कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में लगे फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने के लिए अग्रणी अस्पतालों पर सैन्य हेलिकॉप्टरों द्वारा पंखुड़ियों की बौछार के साथ-साथ उड़ानें भरी गईं।

- श्री मोदी ने एक ट्विटर संदेश में कहा, "जो सबसे आगे हैं, बहादुरी से कोविड-19 से लड़ रहे हैं, उनके लिए हमारे सशस्त्र बलों द्वारा शानदार आभार।''
- प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सैन्य विमान, हेलिकॉप्टर और बैंड का एक छोटा वीडियो भी पोस्ट किया।
- 03 मई को भारतीय वायु सेना के लड़ाकू जेट और परिवहन विमानों ने प्रमुख शहरों और कस्बों के ऊपर उड़ानें भरीं।
- सैन्य हेलिकॉप्टरों ने कोरोना वायरस महामारी से जूझ रहे लाखों डॉक्टरों, पैरामेडिक्स और अन्य फ्रंट-लाइन कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने के लिए मेगा अभ्यास के तहत देशभर के प्रमुख अस्पतालों में पंखुड़ियों की बौछार की।

मजदूरों, विद्यार्थियों व श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय स्वागतयोग्य : जगत प्रकाश नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 3 मई को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लॉकडाउन में विभिन्न प्रदेशों में फंसे मजदूरों, विद्यार्थियों व श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए स्पेशल ट्रेनों को चलाने के निर्णय का स्वागत किया और इसे मानवता की सेवा का बहुत बड़ा कदम बताया।

- उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के किसानों, महिलाओं एवं गरीबों के लिए 1.70 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज का एलान किया था जिससे देश के करोड़ों जरूरतमंद लोगों को लाभ पहुंचा है।
- श्री नड्डा ने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरी में इजाफा करने और न्यूनतम मजदूरी के दिन की सीमा को बढ़ाना भी मोदी सरकार का एक सराहनीय कदम है जिससे देश के 5 करोड़ से अधिक मजदूर लाभान्वित हुए हैं।

कोविड-19 पर अपडेट

- कोविड-19 से निपटने के लिए नर्सों, डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों जैसे अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं की कड़ी मेहनत, समर्पण भाव और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा, 'कोविड-19 रोगियों के ठीक होने की दर लगातार बढ़ रही है, जिससे पता चलता है कि इनमें से अधिक से अधिक रोगी ठीक हो रहे हैं और अपने-अपने घर वापस जा रहे हैं।
- उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 10,000 कोविड रोगी ठीक हो चुके हैं और उन्होंने अपना सामान्य जीवन जीना शुरू कर दिया है। अन्य अस्पतालों में भी ज्यादातर रोगी ठीक होने की ओर अग्रसर हैं। यह भारत में हमारे अग्रणी स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा प्रदान की जा रही बेहतरीन सेवाओं को दर्शाता है।
- अभी तक कुल 10,632 लोगों का उपचार किया जा चुका है। पिछले 24 घंटे में 682 लोगों का उपचार किया गया। इससे कुल सुधार की हमारी दर 26.59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। अब कुल पुष्ट मामलों की संख्या 39,980 तक पहुंच गई है। कल से भारत में कोविड-19 के पुष्ट मामलों की संख्या में 2644 की वृद्धि दर्ज की गई है। (3 मई को जारी)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'आर्म्ड फोर्सेज सेल्यूट कोरोना वॉरियर्स' के लिए सशस्त्र बलों की प्रशंसा की

- रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे कोरोना योद्धाओं को सलाम करने के लिए 3 मई को देश के विभिन्न स्थानों पर थल, जल और वायु में सैकड़ों गतिविधियों को अंजाम देने के सशस्त्र बलों के प्रयासों की सराहना की है।
- उन्होंने कहा, "सशस्त्र बलों ने कोरोना महामारी से जूझ रहे योद्धाओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए आज अनेक गतिविधियों का आयोजन किया। अग्रिम मोर्चों पर तैनात रहने वाले ये योद्धा कोविड-19 के खिलाफ भारत की लड़ाई में शामिल सभी योद्धाओं के मनोबल को मजबूती प्रदान करने की दिशा में सराहनीय काम कर रहे हैं।"
- वायुसेना, नौसेना और तटरक्षक बल के हेलीकाप्टरों द्वारा फ्लाई पास्ट, अस्पतालों पर पुष्प वर्षा का उल्लेख करते हुए श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कोविड-19 द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काबू पाने के देश के संकल्प और एकता को सशस्त्र बलों ने सलाम किया।

सभी हितधारकों को संकट से उबरने के लिए समेकित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए: नितिन गडकरी

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने 3 मई को वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये एससी-एसटी उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसएमई पर कोविड-19 के प्रभाव पर दलित भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग चैंबर (डीआईसीसीआई) के प्रतिनिधियों से परस्पर बातचीत की।

- श्री गडकरी ने उद्योग से आग्रह किया कि उद्योगों द्वारा यह सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है कि कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक रोकथाम संबंधी उपाय किए जाएं। उन्होंने पीपीई (मास्क, सैनिटाइजर आदि) के उपयोग पर जोर दिया और व्यवसाय प्रचालनों के दौरान सोशल डिस्टैंसिंग नियमों का अनुपालन करने का सुझाव दिया।
- उन्होंने उल्लेख किया कि घरेलू उत्पादन को विदेशी आयातों की जगह लेने के लिए निर्यात वृद्धि पर फोकस किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उद्योग को ज्ञान को संपदा में रूपांतरित करने के लिए नवोन्मेषण, उद्यमशीलता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अनुसंधान कौशल एवं अनुभवों पर अधिक फोकस करना चाहिए।

जनऔषधि केन्द्रों ने अप्रैल, 2020 में रिकॉर्ड 52 करोड़ रुपये का बिक्री टर्नओवर प्राप्त किया

कोविड-19 लॉकडाउन के कारण खरीद और लोजिस्टिक्स बाधाओं के बावजूद प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र– पीएमबीजेकेए के द्वारा अप्रैल, 2020 में रिकॉर्ड 52 करोड़ रुपये का बिक्री टर्नओवर प्राप्त किया गया। मार्च 2020 में कुल बिक्री 42 करोड़ रुपये और अप्रैल 2019 में 17 करोड़ रुपये थी।

- कोविड-19 महामारी के कारण पूरा देश गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की मांग बहुत अधिक है। इस मांग को पूरा करने के लिए जन औषधि केन्द्रों ने लोगों को अप्रैल 2020 के दौरान रिकॉर्ड 52 करोड़ रुपये मूल्य की सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की आपूर्ति की। इससे आम लोगों को लगभग 300 करोड़ रुपये की बचत हुई क्योंकि जन औषधि केन्द्र की दवाएं, औसत बाजार मूल्य की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती हैं।
- वर्तमान में, देश के 726 जिलों को कवर करते हुए 6300 से अधिक पीएमजेकेए कार्य कर रहे हैं।

‘जनजातियों को समर्थन के लिए बढ़ाएं लघु वन उत्पादों की खरीद की गति’

जनजातीय कार्य मंत्रालय ने विशेष रूप से कोविड-19 के चलते पैदा हुई परिस्थितियों और लघु वन उत्पाद (एमएफपी) इकट्ठा करने का पीक सीजन आने के मद्देनजर सभी राज्यों को आदिवासियों को समर्थन देने के लिए एमएफपी के लिए खरीद परिचालन में तेजी लाने का परामर्श दिया है।

- राज्यों ने लघु वन उत्पादों की खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी है और 10 राज्यों में परिचालन शुरू भी हो गया है। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए अभी तक कुल 20.30 करोड़ रुपये की खरीद भी हो चुकी है।
- लघु वन उत्पाद की खरीद के लिए राज्य स्तर पर गतिविधियों की सूचना दिए जाने को एक ऑनलाइन निगरानी डैशबोर्ड तैयार किया गया है। प्रत्येक पंचायत और वन धन केन्द्र से या तो मेल से या मोबाइल के माध्यम से सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए “ट्राइफेड ई- सम्पर्क सेतु” के तहत एक वन धन मॉनिट डैशबोर्ड तैयार किया गया है। ट्राइफेड ने इसे 10 लाख गांवों, जिलों और राज्य स्तर के भागीदारों, एजेंसियों तथा एसएचजी को जोड़ने का प्रस्ताव किया है।

twitter

@jpnadda

अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस पर मैं उन सभी अग्निशामकों को सलाम करता हूं, जो अपनी जान जोखिम में डालकर हमारी रक्षा करते हैं। हम डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स, पुलिस अधिकारियों और सभी कोरोना योद्धाओं के आभारी हैं जो इस संकट के दौरान हमारे समुदायों को सुरक्षित रखने में मदद कर रहे हैं।

@rajnathsingh

आज राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार हेतु रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई।सीमा और तटीय क्षेत्रों में एनसीसी को बढ़ावा देने के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कई विकल्पों पर चर्चा की गई। @HQ_DG_NCC

@blsanthosh

खाड़ी क्षेत्र से भारतीयों को निकालने के लिए 30 वायुयान और 14 नौसैनिक जहाज तैयार हैं।सशस्त्र बलों ने #CoronaWarriors के सम्मान में सैन्य बैंड, फ्लाईपास्ट और जहाजों को रोशन किया। कई #CoronaWarriors को अपने घर वापस आने पर उनका सम्मान किया गया। #IndiaFightsCorona

आर्थिक योगदान हेतु अपील

खाता का नाम :

PM CARES

खाता संख्या : 2121PM20202

IFSC कोड : SBIN0000691

Swift कोड : SBININBB104

बैंक शाखा : भारतीय स्टेट बैंक, नई दिल्ली मुख्य शाखा

Donate Now

Aarogya Setu

मैं सुरक्षित | हम सुरक्षित | भारत सुरक्षित

Download

COVID-19 INDIA

as on : 04 May 2020, 17:00 GMT+5:30

28046
Active Cases

10632
Cured / Discharged

1301
Deaths

1
Migrated

कमल संदेश

संपादक: प्रभात झा, **कार्यकारी संपादक:** डॉ. शिव शक्ति बक्सी

सह संपादक: संजीव कुमार सिन्हा, राम नयन सिंह

कला संपादक: विकास सैनी, भोला राय

डिजिटल मीडिया: राजीव कुमार, विपुल शर्मा

सदस्यता एवं वितरण: सतीश कुमार

दूरभाष : 011-23381428 ई-मेल : mail.kamalsandesh@gmail.com